appeared in the voters' list of Assam of 1971 and 1977 would be eligible to be enrolled as voters now; and

(c) if the answer of (b) is in the affirmative, what steps have been taken by Government to guarantee that all such names are actually entered in the voters' lists?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI P. SHIV SHANKER): (a) Assam has been witnessing a prolonged agitation since the second half of 1979, initially for the deletion of names of foreign nationals from electoral rolls, then for the postponement of elections which were due to be held in the first week of January, 1980, and again, for the detection and deportation of foreign nationals.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

राजस्थान की लूनी, सूकड़ी और जोजडी नदियों को बाढ़ का प्रभाव

873. **श्री विरधी चन्द जैन** : क्या उर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान राज्य में लूनी, सूकड़ी और जोजडी नदियों को बाढ से कौन से क्षेत्र प्रभावित होते हैं ;

(ख) इस वर्ष कौन से क्षेत्रों पर कितना प्रभाव पड़ा है तथा किस किस्म की हानि हुई है और जान व माल की कितनी हानि हुई है ;

(ग) क्या सरकार ने उन क्षेत्रों को बाढ़ से बचाने के लिए कोई स्थाई योजना तैयार की है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ;

(घ) इस योजना के लिए केन्द्र ने इस वर्ष कितना धन दिया है और अगले वर्ष कितना धन दिया जायेगा ; और

(ङ) इस योजना को कब तक क्रियान्वित किया जायेगा?

ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी) : (क) और (ख). इस वर्ष जोधपुर, अजमेर, नागौर, पाली, जालोर और बाड़मेर जिलों के क्षेत्र प्रभावित हुए थे। जो हानि हुई, उसके स्वरूप और मात्रा की जानकारी विवरण में दी गई है।

(ग) से (ङ). राज्य में लूनी बेसिन में बाढ़ों से प्रभावित क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के लिए एक मास्टर योजना तैयार करने के वास्ते राज्य सरकार ने अन्वेषण और सर्वेक्षण कार्य हाथ में लिए हैं। राज्य सरकार द्वारा बाढ सुरक्षा की स्थाई स्कीम इसके बाद तैयार की जाएगी।

विवरण

राजस्थान में बाढ़ों से हुई हानि का स्वरुप और मात्रा

1. प्रभावित क्षेत्र	5.7 लाख हेक्टेयर
2. प्रभावित जनसंख्या	11.2 लाख
3. फसली क्षेत्र को क्षति	1.8 लाख हेक्टेयर
4. क्षतिग्रस्त फसल का मूल्य	2362.9 लाख रुपये
5. क्षतिग्रस्त मकानों की संख्या	93,620
6. क्षतिग्रस्त मकानों की कीमत	4700 लाख रुपए
7. मृत पशु	1,13,842
8. मृत व्यक्ति	478
9. सरकारी सम्पत्ति और सुविधाओं को क्षति	2994.1 लाख रुपए

बुमसार-कोइलवार तटबंध का निर्माण

874. **श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा** : क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बुमसार कोइलवार तटबन्ध का शीघ्र निर्माण करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(ख) बिलम्ब के क्या कारण हैं ?

ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री (श्री ए०बी०ए० गनी खान चौधरी) :: (क) और (ख). 35.67 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली बक्सर-कोइलवार स्कीम का क्रियान्वयन